उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 1786 दिनांक /Date.: 10.12.2021

संवाद–182

विषयः– **कनिष्ठ अभियंता के कुल 76 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किये जाने के संबंध में :–**

प्रिय अभ्यर्थियों,

अवगत कराना है कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निम्नलिखित विभिन्न विभागों/निगमों में समूह 'ग' के अन्तर्गत रिक्त कुल 76 पदों पर सीधी भर्ती द्वारा चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन–पत्र आमन्त्रित जा रहे है जिसका विवरण निम्न तालिका में हैः–

क्र0सं0	पदनाम/विभाग का नाम	पदों की संख्या
1.	अवर अभियन्ता (प्रशिक्षु) (जानपद)(यूजेवीएन लिमिटेड)	25
2.	अवर अभियन्ता (जानपद) (प्रशिक्षु) (पावर ट्राँसमिशन विभाग)	05
3.	कनिष्ठ अभियन्ता (अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण)	10
4.	अवर अभियन्ता (प्रशिक्षु) (विद्युत) (जल विद्युत निगम)	15
5.	अवर अभियन्ता (प्रशिक्षु) (यांत्रिक)(जल विद्युत निगम विभाग)	10
6.	अवर अभियन्ता (पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड)	11
		कुल रिक्त पद–76

ऑनलाइन आवेदन पत्र (ONLINE APPLICATION) से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियां निम्नवत् हैंः–

विज्ञापन प्रकाशन की तिथि	10.12.2021
ऑनलाइन आवेदन की प्रारम्भ तिथि	15.12.2021
ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि	28.01.2022
परीक्षा शुल्क Net Banking/Debit Card द्वारा जमा करने की अंतिम तिथि	30.01.2022

आवेदन से पूर्व अभ्यर्थियों को OTR प्रोफाइल भरना आवश्यक है। जो अभ्यर्थी OTR प्रोफाइल बना चुके है वे उसे आवेदन पत्र भरने से पूर्व अवश्य चेक कर लें जिससे आवेदन पत्र की प्रविष्टियों में त्रुटियां न हों।

आवेदन पत्र भरने के लिए कॉमन सर्विस सेन्टर (सी0एस0सी0) को भी अधिकृत किया गया है जो अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र व ओ0टी0आर0 भरने में सहयोग करेंगे। ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए न्याय पंचायत स्तर पर कॉमन सर्विस सेन्टर उपलब्ध है। उनके पास फोटो, हस्ताक्षर तथा अंगूठा स्कैन करने व ऑनलाइन शुल्क जमा करने की व्यवस्था भी उपलब्ध है।

उक्त विज्ञापन दिनांक 10.12.2021 को आयोग वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर अपलोड/प्रसारित किया जा चुका है। **साथ ही अवगत कराना है कि संबंधित नियोक्ता विभागों द्वारा उक्त पदों हेतु पृथक–पृथक शैक्षिक अर्हताएं निर्धारित किये जाने के कारण अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि कृपया विस्तृत विज्ञापन विवरण देखकर ही आवेदन पत्र भरना सुनिश्चित करें।**

राज्य सरकार द्वारा अभ्यर्थियों को चयन वर्ष 2021–22 में ऊपरी आयुसीमा में 01 वर्ष की छूट दी गयी है उसका भी प्रावधान ऑनलाइन आवेदन में किया गया है। निचली आयुसीमा यथावत रखी गयी है।

क्रमशः——02

अभ्यर्थियों को अवगत कराना है कि राज्य सरकार के आदेश दिनांक 03.10.2021 द्वारा कोविड–19 के प्रभावों के कारण **दिनांक 03.10.2021 से दिनांक 31 मार्च, 2022 तक आवेदन शुल्क में छूट प्रदान की गयी है** अतः यह छूट इस विज्ञापन पर भी लागू होगी। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा कोविड संक्रमण के प्रभाव के कारण ऊपरी आयुसीमा में 01 वर्ष की छूट भी अनुमन्य होगी।

EWS प्रमाण पत्र के संबंध में अभ्यर्थी बार–बार गलतियां कर रहे है यह स्पष्ट है कि आवेदन भरने की तिथि या आवेदन पत्र की अंतिम तिथि तक अभ्यर्थियों के पास सभी अर्हताओं के वैध प्रमाण पत्र होने चाहिए। EWS प्रमाण पत्र के बारे में भी यही प्रावधान है अतः आवेदन भरने की तिथि को आवेदक के पास वैध EWS प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

अभ्यर्थियों को ओ0टी0आर0 भरने में यदि कोई कठिनाई आती है तो उसका भी आयोग द्वारा ससमय समाधान किया जायेगा। अभ्यर्थी सहायता के लिए **टॉल फ्री नं0–9520991172 या व्हाट्सएप्प नं0–9520991174 या आयोग की E.Mail–chayanayog@gmail.com** पर भी सम्पर्क कर सकते है।

आवेदनकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे अपना OTR User Name व Password सुरक्षित रखे। इसी से भविष्य में वे अपना OTR Profile खोल सकेंगे व प्रवेश पत्र आदि डाउनलोड कर सकेंगे।

किसी भी जानकारी के लिए आयोग से **दूरभाष–0135–2669658 एवं 9520991174, 9520991172** तथा **E.Mail–chayanayog@gmail.com** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

आयोग की ओर से,

16/11/21

(संतोष बडोनी)

सचिव।